# जयपुर भार्गव सभा (रजि.) जयपुर

## दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट प्रसादी

**दिनांक व समय : 30 अक्टूबर 2022 सायं 5:30 से 8:00 बजे तक**

**आयोजन स्थल : ''महर्षि भृगु सदन'' सुन्दर मार्ग, तिलक नगर, जयपुर**




दीप जलते रहे जगमगाते रहें हम आपको, आप हमें याद रहें।
जब तक है जिन्दगी, दुआ है हमारी आप यूँ ही दीये की तरह जगमगाते रहें ॥

**निवेदक :**

अध्यक्ष :
**विनोद भार्गव**
9414311438

सचिव :
**मुकेश कुमार भार्गव**
9829005300

रजि. नं. 124/1961-62 | टेली : 0141-2622222

# जयपुर भार्गव सभा (रजि.) जयपुर

कार्यालय : महर्षि भृगु सदन, सुन्दर मार्ग,
तिलक नगर, जयपुर-302004


**अध्यक्ष:**
विनोद भार्गव
7-झ-19, जवाहर नगर
जयपुर-3020 04
फोन (नि.) 0141-2653531 (मो.) : 9414311438
ई-मेल : lionvinodbhargava@gmail.com

**सचिव :**
मुकेश कुमार भार्गव
53/95, सरयु मार्ग,
मध्यम मार्ग, मानसरोवर
जयपुर-302020
(मो.) 9829005300, 9314630384


## दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभ कामनाएँ।

**नवल ज्योति से नव प्रकाश हो, नई सोच हो नई कल्पना ।**
**चहुँ दिशी, यश, वैभव सुख रस बरसे, पूरा हो जाए हर सपना ।।**
**जिसमें सभी रंग दीखते हों, कुछ ऐसा इन्द्रधनुष बनाओं ।**
**पहले स्नेह लुटाओ सब पर, फिर खुशियों के दीप जलाओ ।।**

मन के दूषित विचारों को त्यागने और शुभ विचारों को अपनाने की प्रेरणा देने वाला दीपावली पर्व प्रति वर्ष कार्तिक मास की अमावस्याको मनाया जाता है। जयपुर भार्गव सभा द्वारा इस वर्ष भी भार्गव महिला सभा, जयपुर व भार्गव युवा संघ, जयपुर के सहयोग से **रविवार 30 अक्टूबर 2022 को अपरान्ह 5:30 बजे से 8:00 बजे** तक महर्षि भृगु सदन, तिलक नगर, जयपुर में **''दीपावली मिलन समारोह''** का आयोजन कर रहा है।

इस अवसर पर जयपुर भार्गव सभा द्वारा ''अन्नकूट'' का आयोजन भी किया जायेगा। जयपुर भार्गव सभा का यह प्रयास है कि **''अन्नकूट''** में भार्गव समाज के प्रचलित परम्परागत भोज व स्नेह से हम आपका आतिथ्य कर सकें। अतः आपसे सविनय अनुरोध है कि इस वर्ष **''वसुधैवः कुटुम्बकम्''** को चरितार्थ करते हुए सम्पूर्ण समाज को अपना कुटुम्ब मान कर **''अन्नकूट-प्रसादी''** में सम्मलित होकर **''दीपावली मिलन समारोह''** को सार्थकता प्रदान करें।

वर्षो की निरन्तरता ने ''दीपावली मिलन समारोह'' को भार्गव समाज के **''वार्षिक उत्सव''** का स्वरूप प्रदान कर दिया है। जिस प्रकार दीप माला का उज्जवल प्रकाश निरंतर हमारा मार्ग प्रशस्त करता है। उसी प्रकार जयपुर भार्गव सभा समाज के वयोवृद्धों का सम्मान कर उनकी छत्र छाया में पल्लवित हो कर समाज को निरन्तर प्रगति की ओर ले जाना चाहता है। साथ ही अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर समाज का नाम रोशन करने वाले बन्धुजनों व भावी कर्णधारों को इस समारोह में सम्मानित व अलंकृत कर उनके यश से समाज को अवगत कराने का निर्णय लिया गया है।

### 1. अलंकरण एवं सम्मान

1. **वृद्धजन सम्मान :** जयपुर के भार्गव परिवारों में हमारे आदरणीय अग्रज बन्धुओं को प्रति वर्ष की भाँति सम्मानित किया जायेगा। (जिन्हें पूर्व में स्थानीय सभा द्वारा सम्मानित नहीं किया गया हो तथा दिनांक 1 अक्टूबर 2019 से 30 सितम्बर 2022 तक के पुरूष-75 वर्ष या इससे अधिक तथा महिला-70 वर्ष या इससे अधिक आयु प्राप्त कर चुके हो निवेदन करना चाहेंगे कि जयपुर भार्गव सभा के पास ऐसा कोई स्त्रोत नहीं है जिसकी सहायता से उपरोक्त उम्र के स्थानीय बन्धुओं के बारे में पता लगाया जा सकें, अतः अनुरोध है कि वे स्वयं या उनके रिश्तेदार अथवा परिजन जिन्हें ऐसी जानकारी है, सभा को लिखित में सूचना देकर अनुगृहीत करें।

2. **नव–दम्पति अभिनन्दनः** स्थानीय भार्गव परिवारों के नव–दम्पति जिनका विवाह दिनांक 01 अक्टूबर 2019 से 30 सितम्बर 2022 के मध्य सम्पन्न हुआ है, उनका अभिनन्दन एवं परिचय के साथ उपयोगी उपहार दिये जाने की जयपुर भार्गव सभा की परम्परा रही है। अतः उनके रिश्तेदार अथवा परिजनों को इसकी सूचना देने हेतु अनुरोध है।

3. **विशेष उपलब्धि :** अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर शिक्षा व्यवसाय, सामाजिक और खेलकूद के क्षेत्र एवं माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्तर के छात्र–छात्राओं को जिनके 80 प्रतिशत से अधिक अंक आये है उन्हें भी सम्मानित किया जायेगा। यह उपलब्धि दिनांक 01 अक्टूबर 2019 से 30 सितम्बर 2022 के अन्तर्गत होनी चाहिए।

   उपरोक्त क्षेणियों में आने वाले समाज के व्यक्ति अपने वर्ग के प्रमाण–पत्रों की प्रतिलिपि 20 अक्टुबर 2022 तक अध्यक्ष / सचिव जयपुर भार्गव सभा के पास भिजवा दें। सभी प्रतियोगियों और विशेष उपलब्धि प्राप्त व्यक्तियों के मान–सम्मान के पुरस्कार जयपुर भार्गव सभा द्वारा दिये जायेंगे। सम्मानित होने वाले व्यक्ति को स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है।

## निधि पुरस्कार

1. **वयोवृद्ध सम्मान :** डॉ. कुँज बिहारी लाल व श्रीमती रेखा भार्गव, त्रिवेणी नगर द्वारा अपने अभिभावक स्व. कलावती एवं श्याम बिहारी लाल भार्गव की स्मृति में स्थानीय सभा क्षेत्र जयपुर में निवास करने वालों में अधिकतम आयु के व्यक्ति को यह सम्मान दिया जायेगा। (पूर्व में यह सम्मान प्राप्त करने वालों के अतिरिक्त)
2. निधि पुरस्कार : शिक्षा के क्षेत्र में निम्न निधियों के पुरस्कार दिये जायेंगे :–

| क्र.सं. | पुरस्कार/निधि पुरस्कार | क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | स्व. मनमोहन एवं स्व. सुशीला भार्गव स्मृति शिक्षा पुरस्कार निधि | कक्षा X व XII (वाणिय) में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर |
| 2. | स्व. बसंत लाल एवं स्व. नर्बदा देवी भार्गव शिक्षा पुरस्कार निधि। सौजन्य से श्री कैलाश प्रसाद एवं श्रीमती शकुन्तला भार्गव, तिलक नगर, जयपुर | केन्द्रिय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में विज्ञान संकाय की XII में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर |
| 3. | श्री सुरेन्द्र कुमार भार्गव, सांगानेर के सौजन्य से | XII (आर्ट्स) कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली बालिका को |
| 4. | स्व. श्री पी.डी. भार्गव स्मृति पुरस्कार सौजन्य से : श्रीमती सविता एवं श्री मुनीष भार्गव | इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को। IIT, AIEEE |
| 5. | स्व. श्री सुभाष भार्गव (महावीर नगर) स्मृति शिक्षा पुरस्कार सौजन्य : श्रीमती सुलभा भार्गव | बी.ई. / बी.ए. / बी. कॉम में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चे को। |
| 6. | स्व. सुधीर भार्गव स्मृति शिक्षा पुरस्कार निधि सौजन्य : श्रीमती सविता भार्गव | एम.बी.बी.एस. (फाइनल) में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को। |
| 7. | श्री कैलाश नाथ, श्रीमती हेमन्त कुमारी एवं श्रीमती पुष्पा भार्गव शिक्षा पुरस्कार निधि | एम.ए. में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली बालिका को। |
| 8 | स्व. श्री महेश कान्त मालवीय नगर जयपुर | कक्षा X व XII में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने छात्र / छात्रा को राजस्थान बोर्ड, सी.बी.एस.इ |
| 9. | स्व. श्री सुभाष भार्गव पत्नी श्रीमती सुलभा भार्गव महावीर नगर स्मृति शिक्षा पुरस्कार | बी.ई. / बी. टेक में करने वाले बच्चे को |
| 10 | श्री श्याम कृष्ण जी पत्नी श्रीमती चित्रा भार्गव जी चित्रकूट स्कीम वैशाली नगर, जयपुर | बी.टेक., एम.बी.बी.एस |

नोट : उपरोक्त पुरस्कार सौजन्यकर्ता अथवा उनके परिजनों के कर कमलों द्वारा मंच पर आमंत्रित कर उन्ही के द्वारा दिलवाये जायेंगे। अनुरोध रहेगा कि सौजन्यकर्ता बन्धु कार्यक्रम में पहुँच कर निम्न हस्ताक्षर कर्ताओं से सम्पर्क अवश्य करें। सभी पुरस्कारों के लिये प्रविष्टियाँ 20 अक्टूबर 2022 तक आवश्यक रूप से पहुँच जानी चाहिये। विलम्ब से प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

**4 मनोरंजक प्रतियोगिताऐं :**

त्यौहार की उमंग और सौहार्द्रता को और अधिक उल्लास समय बनाने के लिये **श्री पंकज भार्गव सी–21, वृन्दावन मार्ग, श्याम नगर, अजमेर रोड़, जयपुर** की ओर से निम्न प्रतियोगिताओं को प्रायोजित किया है तथा पुरस्कारों की घोषणा की है

1. सर्वश्रेष्ठ विवाहित जोड़ी (60 वर्ष से कम)
2. सर्वश्रेष्ठ युवा (पुरूष) लाल वस्त्र (30 सितम्बर 2022 तक 45 वर्ष या कम)
3. सर्वश्रेष्ठ युवती (महिला) लाल वस्त्र (30 सितम्बर 2022 तक 45 वर्ष या कम)
4. सर्वश्रेष्ठ पुरूष – काले वस्त्र
5. सर्वश्रेष्ठ महिला – लाल वस्त्र
6. सर्वश्रेष्ठ वरिष्ठ नागरिक जोड़ी (30 सितम्बर 2019 तक 60 वर्ष या अधिक)

अपने में सर्वश्रेष्ठ को पहचानने और सम्मान देने की भावना के उद्देश्य से आयोजित उक्त प्रतियोगितायें हल्के फुल्के के तहत् आयोजित की जा रही है। उपरोक्त पुरस्कारों का चयन गुणावगुण, व्यवहार व तार्किक क्षमता के आधार पर निर्लिप्त व निर्विकार निर्णायको द्वारा किया जायेगा। निर्णायकों के निर्णय के विरूद्ध कोई याचिका स्वीकार्य नहीं होगी।

नोट : इस वर्ष इच्छुक प्रतियोगियों को **30 अक्टूबर 2022** को **''दीपावली मिलन समारोह''** में प्रवेश के साथ सचिव, जयपुर भार्गव सभा को आवश्यक रूप से अपना पंजीकरण (निःशुल्क) कराना होगा। केवल पंजीकृत अभ्यार्थियों में से विजेताओं का चयन किया जायेगा।

## विशेष सूचना :

जयपुर भार्गव सभा (रजि.), जयपुर के अखिल भारतीय भार्गव सभा द्वारा संधारित आदर्श संविधान के अनुरूष आगामी द्विवार्षिक चुनाव फरवरी 2023–2025 में कराये जाने की सम्भावना है। अतः चुनाव सम्बन्धी कुछ सूचनार्थ निम्नानुसार है :–

1. जयपुर भार्गव सभा (रजि.), जयपुर के सदस्य बनने की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर 2022 व समय सायंकाल 5.00 बजे तक है। जयपुर भार्गव सभा (रजि.), जयपुर के आजीवन सदस्यता शुल्क रूपये 150/– (प्रति दम्पति) व रूपये 100/– एकल आजीवन सदस्य बनने पर तथा साधारण सदस्यता शुल्क रूपये 50/– (प्रति दम्पति) व रूपये 30/– एकल साधारण बनने पर देय है। सदस्य बनने का स्थान

   **अध्यक्ष श्री विनोद 9414311438 सचिव मुकेश कुमार 9829005500 कोषाध्यक्ष श्री तरूण 9829062899**

2. महर्षि भृगु सदन का किराया 01 अप्रैल 2022 से भार्गव समाज के लिये प्रतिदिन का 15,000/– अन्य जाति बन्धुओं के लिये 40,000/– किया गया है। इसमें सफाई, पानी, नगर निगम और जी.एस.टी शामिल है और महर्षि भृगु सदन की बुकिंग श्री विजय जी (बापू नगर) मो : 9314847327 एवं श्री राकेश जी (बापू नगर) द्वारा की जाती है। **बुंकिग का समय प्रात: 10.00 बजे से 12.00 बजे तक किया जाता है।**

## हॉस्पिटलों में भार्गवों बन्धुओं के लिए विशेष छूट :

भार्गव बन्धुओं को अब जयपुर के विभिन्न प्रतिष्ठित : हॉस्पिटल में निम्नानुसार विशेष छूट मिलने लगी है। समाज के बन्धु जयपुर भार्गव सभा द्वारा जारी पहचान पत्र अथवा अन्य पहचान पत्र जिससे भार्गव होने की पहचान हो सके उसे दिखाकर इसका लाभ उठा सकते है :–

| क्रमांक | हॉस्पिटल का नाम | छूट प्रतिशत में | | |
|---|---|---|---|---|
| | | इनडोर | आऊटडोर | पैकेज में |
| 1. | इटरनल हॉस्पिटल, जवाहर सर्किल | 10 | 10 | |
| 2. | फोर्टिस एस्कोर्ट हॉस्पिटल, जवाहर लाल नेहरू रोड़ | 15 | 10 | |
| 3. | नारायण मल्टिस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, कुंभा मार्ग, प्रताप नगर | 10 | 10 | 5 |
| 4. | मनिपाल हॉस्पिटल, सेक्टर–5, विद्याधर नगर, जयपुर | 10 | 15 | |
| 5. | सी.के. बिड़ला (रूकमनी) हॉस्पिटल, गोपालपुरा बाईपास रोड़, शांति नगर, जयपुर | 10 | 10 | |
| 6. | शेल्बी हॉस्पिटल, सेक्टर–3, चित्रकूट, वैशाली नगर, जयपुर | 10 | 10 | |

# नृत्य कौशल प्रतियोगिता

आप सभी को बताते हुए बड़ा हर्ष हो रहा है कि अखिल भारतीय भार्गव सभा की सांस्कृतिक समिति द्वारा 131 वाँ वार्षिक अधिवेशन 2022 (जोधपुर) में आयोजित **''आ जा नच ले पार्ट–2''** प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर होने वाली सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिताऐं दिनांक 17 दिसम्बर 2022, शनिवार को सायंकाल में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता में जयपुर भार्गव सभा (रजि.) जयपुर से हरेक आयु वर्ग से 2–2 प्रतियोगी भाग ले सकेगें।

इस प्रतियोगिता का आयोजन 6 आयु वर्गों में किया जायेगा और सभी आयुवर्गों का विषय (थीम) निम्न रहेगा।

| आयु वर्ग | प्रतियोगिता का विषय (थीम) |
|---|---|
| 5 से 10 वर्ष तक | **Dreams or Puppet** |
| 10 से 15 वर्ष तक | **Punjabi** |
| 15 से 25 वर्ष तक | **Shiv Stuti** |
| 25 से 45 वर्ष तक | **Semi Classical** |
| 45 से 60 वर्ष तक | **Folk Dance of Any State** |
| 60 वर्ष से अधिक | सन 1960 से 1980 तक के फिल्मी गाने |

### प्रतियोगिताओं के नियम :–

1. नृत्य के अन्तर्गत एकलनृत्य ही सम्मिलित होंगे। नृत्य सामाजिक मर्यादा के अनुरूप हो व उसमें अश्लीलता न हो।
2. प्रतियोगिता का निर्धारित समय 3 मिनट है। अतः प्रत्येक प्रतियोगी को निर्धारित समय के अन्दर ही अपनी प्रस्तुति देनी होगी।
3. प्रविष्टि पत्र (Entry Form) के साथ आधार कार्ड अथवा जन्म प्रमाण पत्र सलंग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा प्रविष्टि पत्र निरस्त कर दिया जायेगा और समिति का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।
4. समस्त प्रविष्टियां जयपुर भार्गव सभा (रजि.) जयपुर के अध्यक्ष / सचिव से अनुमोदित करवा के भेजनी आवश्यक होगी।

5. प्रतियोगी को नृत्य प्रस्तुति के लिये पेन ड्राइव में (3 मिनट का) केवल एक ही गाना एम.पी.3 में रिकार्ड करके देना होगा, जिस पर नृत्य प्रस्तुत किया जाना है। पेन ड्राइव प्रतियोगिता के उपरान्त वापस लौटा दी जाएगी।

6. समस्त प्रविष्टियां जयपुर भार्गव सभा कि सांस्कृतिक सचिव श्रीमती मंजू भार्गव मो : 7726823550 को 09 नवम्बर 2022 को सायं 3 बजे भृगु सदन में पेन ड्राइव लेकर आना होगा।

7. प्रतियोगी द्वारा नृत्य के आधार पर अखिल भारतीय भार्गव सभा को प्रत्येक वर्ग में 2–2 प्रतियोगी भेजे जायेंगे। अन्तिम निर्णय सांस्कृतिक सचिव श्रीमती मंजू भार्गव की समिति द्वारा लिया जायेगा।

8. अपनी Original प्रविष्टि पत्र (Entry Form) एवं पेन ड्राइव सांस्कृतिक सचिव श्रीमती मंजू भार्गव को दिनांक 09 अक्टुबर 2022 तक भेजनी आवश्यक होगी। 1 सायं 4 बजे भृगु सदन में पेन ड्राइव लेकर आना होगा।

## सांस्कृतिक समिति (सत्र 2019–20 Extended)
## 131 वें वार्षिक अधिवेशन 2022 के अवसर पर होने वाली
## सांस्कृतिक प्रतियोगिता हेतु

फोटो चिपकाएं

## / प्रविष्टि प्रपत्र /

स्थानीय भार्गव सभा का नाम ..................................................

प्रतियोगी का नाम .................................... जन्मतिथि ....................

पिता/पति का नाम .................................... व्यवसाय ....................

माता का नाम .................................... व्यवसाय ....................

पता ..................................................

..................................................

मो : .................................... ई–मेल : ....................

प्रतियोगी की आयु वर्ग ..................................................

नृत्य प्रतियोगिता के गाने के बोल ..................................................

प्रतियोगी के बैक खाते का विवरण : (विजयी प्रतियोगियों की पुरस्कार राशि सीधे खाते में भेजी जायेगी)

(अ) खाताधारक का नाम : ..................................................

(ब) बैक का नाम : ..................................................

(स) खाता संख्या : ..................................................

(द) आई.एफ.एस.सी. : ..................................................

प्रतियोगी के हस्ताक्षर

स्थानीय भार्गव सभा के अध्यक्ष/सचिव के हस्ताक्षर

अभिभावक के हस्ताक्षर

# अखिल भारतीय भार्गव सभा का 131 वाँ वार्षिक अधिवेशन का स्नेह आमंत्रण

## दीपावली की हार्दिक शुभकामनाऐं

प्रियवर बंधुवर!

जैसा कि हम सभी को विदित है अखिल भारतीय भार्गव सभा द्वारा अपना 131 वाँ वार्षिक अधिवेशन दिनांक 17, 18 एवं 19 दिसम्बर को भारत के पर्यटन शहर, मानचित्र पर अपना विशिष्ट स्थान वाले आतिथ्य तथा खान–पान के लिए प्रसिद्ध, सूर्यनगरी एवं ब्लूसिटी के नाम से पहचान रखने वाले शहर जोधपुर में आयोजित किया जा रहा है। आप सभी भार्गव बंधु इस अधिवेशन में सपरिवार सादर आमंत्रित है।

राजस्थान का यह शहर राज्य के साथ–साथ भारत के प्रसिद्ध स्थलों में से एक है। थार रेगिस्तान के घने परिदृश्य में स्थित जोधपुर पूरे वर्ष एव उज्जवल और धूप मौसम का अनुभव करता है। यहाँ घूमने के लिए अनेक ऐसे स्थान है जो शहर के शाही इतिहास और संस्कृति में डूबे है। उम्मेद भवन पैलेस, जसवंत थाड़ा, मेहरानगढ़ का किला, गिरदीकोट और सरदार मार्केट (घंटाघर) मंडोर गार्डन, राव जोधा डेजर्ड रॉक, कायलाना झील यहाँ के विश्व प्रसिद्ध स्थल है और आकर्षण के केन्द्र है।

इस खूबसूरत शहर की एक और खास पहचान है जो पर्यटको को बार–बार अपनी और आकर्षित करती है, वह है यहाँ के लजीज व्यंजन कहते है अगर जोधपुर में है और आपने जोधपुर चौधरी स्वीट सरदारपुरा का मिर्ची बड़ा, मिश्रीलाल स्वीट होम घटाघर की मावा की कचौरी अरोड़ा नमकीन नई सड़क घटाघर का समोसा पुगलपाड़ा की देशी घी की मिठाई किसान भोजनालय बारहवीं रोड़ एवं शैडर स्वीट हाऊस का शुद्ध स्वादिष्ट भोजन भाटी टी स्टाल सरदारपुरा की चाय और पकौड़ा जोधपुर कॉफी हाऊस का इटली डौसा पार्श्वनाथ स्वीट होम हाई रोड़ की मखनियाँ तथा लच्छी मारवाड़ी कुल्फी का स्वाद नहीं चखा, उसने कुछ नहीं चखा –

गत वर्षों कि भाँति इस वर्ष भी अधिवेशन स्थल पर प्रवेश हेतु पंजीकरण सुविधा दिनांक 1 नवम्बर 2022 से 30 नवम्बर 2022 तक सभा कि अधिकृत वेबसाइड WWW.bhargavasamajgolbal.com पर ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी। सभी आयु वर्गों के लिए खेल कूद की भी व्यवस्था की गई है। युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एकल प्रस्तुति नृत्य करने का अवसर मिलेगा। महिलाओं के लिए भी कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। अधिवेशन स्थल पर विभिन्न व्यंजनों की स्टाल्स के साथ इस बार आपके लिए भोजन की व्यवस्था भी "बुफे" के रूप में की गई है। खाने की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निश्चित तौर पर आप स्वादिष्ट भोजन एवं स्टाल्स का आनंद ले सकेंगे।

इस वर्ष अखिल भारतीय भार्गव सभा एवं ग्लोबल भार्गव महिला सभा के द्विवार्षिक चुनाव सत्र (2023–2025) दिनांक 17,18, एवं 19 दिसम्बर 2022 को जोधपुर में होना तय हुआ है। आप सभी से अनुरोध है कि कृपया अपना पहचान पत्र अवश्य साथ लायें।

इस बार अधिवेशन का सबसे मुख्य आकर्षण विवाह परामर्श शिविर है। अधिवेशन के माध्यम से आयोजित शिविर में एक छत के नीचे माता पिता अपने बच्चों के लिए योग्य जीवन साथी की तलाश कर सकते है। अधिवेशन स्थल में सुन्दर ऑडिटोरियम में बड़ी एल.ई.डी. के माध्यम से अविवाहित बच्चों के विवरण और परिवार परिचय का कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

जोधपुर का सबसे अच्छा अनुभव करने के लिए यह एक अद्भुत मौसम है। जोधपुर हवाई, रेल और सड़क मार्ग से सभी बड़े शहरों से जुड़ा होने के कारण आपका जोधपुर आना और सरल बनाते है। मेरा आपसे विन्रम अनुरोध है कि अधिवेशन को सफल बनाने के लिए आप अपनी उपस्थिति से हमें अनुग्रहित करें। आपकी उपस्थिति से न केवल हमारा मनोबल बढ़ेगा, बल्कि सभा की कार्यशैली और कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी एवं विश्वास बढ़ेगा।

माता लक्ष्मी दीपावली के इस पावन पर्व पर आप एवं आपके परिवार के सभी सदस्यों को सुख, समृद्धि, संपत्ति एवं अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करें, इन्हीं मंगल कामनाओं के साथ पुनः दीपावली की हार्दिक शुभकामना!

**आपका स्नेही**

**नरेश भार्गव (भार्गव लोहा)**

**प्रधान, अखिल भारतीय भार्गव सभा**

**आर्थिक संबल निधियाँ :** जयपुर भार्गव सभा के माध्यम से समाज के भामाशाहों ने आर्थिक अनुदान देकर समाज में जरूरतमन्द को सहायता पहुँचाने के उद्देश्य से निधियाँ स्थापित की हैं जिनसे अर्जित आय से निम्न दो वर्गों में आर्थिक सहायता प्रदान की जानी अपेक्षित है।

1. **अल्प आय वर्ग के परिवारों को जीवन यापन** के लिये जयपुर भार्गव सभा द्वारा स्थापित निधि रूपये 3,50,000/– के अर्जित ब्याज राशि से आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु यह फंड उपलब्ध है। इस श्रेणी में आवश्यक होने पर अपेक्षित आवेदन आमंत्रित हैं।
2. **कमजोर आय वर्ग के परिवार के बच्चों की शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता :–** इस श्रेणी में निम्न भामाशाहों से र ा शि ा प्राप्त हुई है। (1) कैप्टन कृष्ण मित्र, श्रीमती बीना एवं श्री रोहित, ज्योति नगर, जयपुर (केवल बालिकाओं हेतु) राशि रू. 11,000/– (2) श्री औंकार नाथ एवं श्रीमती पुष्पा भार्गव निधि, न्यू लाईट कॉलोनी, जयपुर राशि रू. 11,000/– (3) स्व. शकुन्तला भार्गव, बी–7, तिलक नगर, जयपुर की स्मृति में श्री सुभाष भार्गव, बनीपार्क राशि रू.11,000/– (4) श्री रविन्द्र कुमार एवं श्री विनय कुमार भार्गव, मानसरोवर, जयपुर द्वारा स्व. सुशीला देवी एवं गोपी नाथ भार्गव की स्मृति में प्रदान की गयी राशि रू. 1,00,000/– (5) श्री कैलाश नाथ भार्गव द्वारा स्व. सुशीला देवी एवं गोपी नाथ भार्गव की स्मृति में प्रदान की गयी राशि रू. 11,000/– कुल राशि रू. 4,00,000/– की एफ.डी. आर. बनवा कर व रूपये 50,000/– की राशि जयपुर भार्गव सभा की ओर से पृथक से जमा करा के कुल राशि रू. 4,50,000/– की है, इससे अर्जित ब्याज से कमजोर परिवार को सहायता प्रदान की जायेगी।
3. **कमजोर आय वर्ग के परिवारों की अति आवश्यक चिकित्सा सहायता हेतु निम्न भामाशाहों से राशि प्राप्त हुई** (1) श्री ठाकुर प्रसाद भार्गव, बरकत नगर, जयपुर (2) श्री देवी सिंह जी भार्गव, 174–निर्माण नगर–एबी, अजमेर रोड़, जयपुर (3) श्री अतुल भार्गव, 174 – निर्माण नगर–एबी, अजमेर रोड़, जयपुर (4) महेश कान्त एवं अजय कान्त भार्गव द्वारा पिता त्रिभुजन प्रकाश चन्द्र एवं माता श्रीमती गोमती देवी व श्री बह्म कान्तजी की स्मृति में दी गयी भार्गव द्वारा पिता त्रिभुजन प्रकाश चन्द्र एवं माता श्रीमती गोमती देवी व श्री बह्म कान्तजी की स्मृति में दी गयी राशि। उपरोक्त प्रत्येक ने राशि रू. 1,00,000/– की सहायता कमजोर आय वर्ग के परिवारों की अति आवश्यक चिकित्सा सहायता हेतु प्रदान की है। इा राशि रू. 4,00,00/– व जयपुर भार्गव सभा द्वारा प्रदत्त राशि रू. 50,000/– कुल राशि रू. 4,50,000/– की है, इससे अर्जित ब्याज से आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान की जायेगी।

निवेदन : –

उपरोक्त वर्णित प्रत्येक कोष में राशि पर्याप्त नहीं है, लेकिन प्रार्थियों को सम्मान जनक आर्थिक संबल प्रदान किये जाने के लिए आपका सहयोग हमेशा अपेक्षित रहेगा। अतः भार्गव बन्धुओं से सविनय आग्रह है कि **"वसुदैव कुटुम्बकमः"** को चरितार्थ करते हुए अपने वृहद परिवार के उन सदस्यों के प्रति जिन्हें जरूरत है, समर्पित भाव से आर्थिक सहायता प्रदान करें। निधि के न्यायोचित उपयोग व पारदर्शिता के लिए हम कटिबद्ध है। अतः निःसंकोच होकर अपने प्रियजनों की स्मृति में योगदान देकर उन्हें समाज में अविस्मरणीय बना दें।

नोट :– जिन्हें अ.भा.भा.स. से सहायता मिल रही है, उन्हें उपरोक्त कोष से सहायता दिया जाना सम्भव नहीं होगा।

**तू जगमगाये तेरा दीप जगमगाये, सारे जहाँ की खुशियाँ तेरे भी घर को आये।**
**गंगा और यमुना सा निर्मल हो तेरा मन, अम्बर और धरा सा स्वच्छ हो तेरा तन।।**
**इस वर्ष तेरे यश से तू जगमगाये, तेरा परिवार जगमगाये।।**

| निवेदक : | अध्यक्ष : | सचिव : | सांस्कृतिक सचिव : |
|---|---|---|---|
| जयपुर भार्गव सभा | विनोद भार्गव | मुकेश कुमार भार्गव | श्रीमती मंजू भार्गव |
| भार्गव महिला सभा | श्रीमती रूकमणी भार्गव | श्रीमती मनीषा भार्गव | श्रीमती आरती भार्गव |
| भार्गव युवा संघ | सोमेश भार्गव | अंकेश भार्गव | श्रीमती अंकश्री भार्गव |